**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–19 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने नई दिल्ली में की मुलाकात। शुभांशु के देश आगमन पर लोकसभा में हुयी विशेष चर्चा। पचीस अगस्त को लखनऊ आगमन पर होगा भव्य स्वागत।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया तीन दिवसीय फोरेंसिक–साइबर सिक्योरिटी इंटरनेशनल समिट का शुभारंभ : कहा–टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग कर उत्तर प्रदेश पुलिस ने कसी अपराधियों पर नकेल।
- प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने किया रोजगार महाकुंभ अभियान का शुभारम्भ। छब्बीस से अट्ठाइस अगस्त तक होने वाले आयोजन में पचास हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य।
- प्रदेश के कई जिलों में नदियां उफान पर। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश।

**********

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के एक्सिओम–फोर अंतरिक्ष मिशन के पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। श्री शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के बाद रविवार को भारत लौटे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया कि उन्होंने अंतरिक्ष यात्री श्री शुक्ला के साथ अंतरिक्ष में उनके अनुभव सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। श्री शुक्ला ने प्रधानमंत्री को एक्सिओम–फोर मिशन पैच भेंट किया और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से ली गई पृथ्वी की तस्वीरें भी दिखाईं।

उधर, लोकसभा में कल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के देश आगमन पर विशेष चर्चा हुई। चर्चा की शुरुआत अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने की।

***एक ऐसा वक्त है जब सारा देश जश्न के माहौल में है। हर मां अपने बच्चे के लिये दुआ करती है कि बड़ा होकर के शुभांशु शुक्ला बनें और हर बच्चा यह ख्वाब देख रहा है कि मैं भी बड़ा होकर शुभांशु शुक्ला बनूं। आज दुनिया ने भारत के क्षमताओं के आगे सर झुकाया है।***

शुभांशु 25 अगस्त को लखनऊ आएंगे। लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि शुभांशु के लखनऊ आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया जल्दी ही उनके घर की ओर जाने वाले मार्ग और एक पार्क को उनके नाम पर किया जाएगा।

***शुभांशु शुक्ला देश का गौरव है और ये मेरा सौभाग्य है कि वो मेरे लखनऊ में पैदा हुआ है। ये लखनऊ का गौरव है। आज पूरा विश्व शुभांशु शुक्ला को जानता है। सदन में सबसे पहले उनको बधाई दी जाएगी और उनके नाम से रोड और एक पार्क भी उनके नाम से किया जायेगा और जिस दिन वो आएंगे सभी पार्षद सहित हम सब उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट में रहेंगे।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान लखनऊ में साइबर युद्ध के आयाम, बहुपक्षीय कानूनी ढांचे, फोरेंसिक और रणनीतिक प्रतिकार विषय पर तीन दिवसीय इंटरनेशनल समिट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पद्मश्री डॉ. लालजी सिंह एडवांस्ड डीएनए डायग्नोस्टिक सेंटर, एआई, ड्रोन और रोबोटिक्स लैब व अटल पुस्तकालय का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस की सराहना करते हुए कहा–

***अब वह समय गया जब उत्तर प्रदेश पुलिस भागती थी और पीछे से अपराधी या दुर्दांत माफिया उसको दौड़ाता था। अब उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम सुन कर के उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यपद्धति देख कर के उसके द्वारा टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करने का परिणाम है कि अब अपराधी नाम सुनकर के भागता है, उसके मन में भय होता है, उसके मन में कानून का भय भी है और उसके मन में जीरो टॉलरेंस का उस नीति का भी भय है जो उसको कानून के दायरे में लाकर सजा दिलाने में सहायक होता है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले अपराधियों को पकड़ने में काफी समय लग जाता था लेकिन अब चौबीस से अड़तालीस घंटे के भीतर उन्हें पकड़ लिया जाता है। इस बदलाव की मुख्य वजह टेक्नोलॉजी और फोरेंसिक विज्ञान का बेहतर उपयोग है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र करने के लिये फोरेंसिक यूनिट्स उपलब्ध करायी जा रही है

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान –एसजीपीजीआई लखनऊ में एसबीआई फाउंडेशन आईसीयू प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट सलोनी हार्ट सेंटर में संचालित होगा, जो बच्चों की जन्मजात हृदय बीमारियों के उपचार के लिए समर्पित है। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन ने लगभग 10 करोड़ रुपए का सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बच्चों के हृदय रोगों के लिए उच्चस्तरीय उपचार सुविधा की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे में सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व शुभारंभ किए गए इस सेंटर में अब तक 300 से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी है। हार्ट सेंटर का पहला चरण पूर्णतः क्रियाशील है, जबकि दूसरे चरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है।

**********

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन कल नामांकन दाखिल करेंगे। श्री राधाकृष्णन ने सोमवार शाम नई दिल्ली में एनडीए के संसदीय दल के नेताओं के साथ एक शिष्टाचार बैठक की। बैठक के बाद नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी एनडीए नेता नामांकन दाखिल करने के समय उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए का उम्मीदवार बनाए जाने पर बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि श्री राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के तौर पर चुना जाना भाजपा के संसदीय बोर्ड का एक ऐतिहासिक और दूरगामी निर्णय है।

(बाइट–केशव मौर्य)3

उनका कार्यकाल जो रहा है कई राज्यों के राज्यपाल के रूप में देश की संसद के सदस्य के रूप मेंऔर अब उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बनाये गये हैं जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि उनका उपराष्ट्रपति बनना तय है।

**********

प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कल विधान सभा से रोजगार महाकुंभ 2025 अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने रोजगार रथ को विभिन्न जनपदों में प्रचार–प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री राजभर ने कहा कि सरकार की मंशा हर युवा को रोजगार उपलब्ध कराने की है। इसी के दृष्टिगत 26 से 28 अगस्त तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रोजगार महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजगार महाकुंभ के अंतर्गत 50 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कल महराजगंज जिले में खाद की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों को ज़रूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी जनपद में खाद की कोई कमी नहीं है। कृषि मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष पन्द्रह अगस्त तक छब्बीस दशमलव तीन एक लाख मीट्रिक टन यूरिया की खपत हुयी थी, जबकि इसी अवधि में इस वर्ष किसानों को तीस दशमलव छः आठ लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध करायी गयी। उन्होंने कहा कि खाद की काला बाज़ारी करने वालों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। महराजगंज दौरे के दौरान कृषि मंत्री ने खाद की कुछ दुकानों का औचक निरीक्षण भी किया।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रूक–रूक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायू, फर्रुखाबाद में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा और अयोध्या तथा बलिया में सरयू नदी खतरे के निशान से ऊपर या उसके आसपास बह रही हैं। राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगभग ढाई लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है। उधर मथुरा में यमुना के जलस्तर में तेज़ी से बढोत्तरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने यहां बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य टीम गठित करने का भी निर्देश दिया है। मथुरा के अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि बाढ़ की आशंका के देखते हुए सभी ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

**********